# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 21.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 21.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्ग विजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अनूप कुमार शुक्ला व उनकी द्वारा अभियुक्त 1. दुर्गेश त्रिपाठी पुत्र कमलेश निवासी कोपा थाना मऊ जनपद चित्रकूट 2. रामऔतार पुत्र मोतीलाल निवासी निवासी ग्राम सुरौधा थाना मऊ जमपद चित्रकूट 3.अनिल कुमार पुत्र रमेश निवासी सुरौधा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से मालफड 240 रु0, 52 अदद ताश के पत्ते,01 राजश्री गुटका,तम्बाकू,01 अदद माचिस तथा जामा तलाशी से कुल 330 रुपये बरामद किये गये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सरधुवा में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

1. मालफड 240 रु0
2. 52 अदद ताश के पत्ते
3. 01 राजश्री गुटका,तम्बाकू
4. 01 अदद माचिस
5. जामा तलाशी से कुल 330 रुपये

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री अनूप कुमार शुक्ला थाना मऊ
2. आरक्षी बृजेन्द्र राय
3. होम गार्ड रामभरोसे

(4).पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्री पंकज तिवारी व उनकी टीम द्वारा कुल्हाडी मारकर हत्या करने वाली सहअभियुक्ता को किया गिरफ्तार

उल्लेखनीय है कि दिनांक 18.06.2025 वादिया बूंदा देवी पत्नी गोरेलाल निवासी ओरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट द्वारा थाना पहाडी द्वारा सूचना दी कि अभियुक्तगण 1.घनश्याम पुत्र कलकू 2.चुनकिया पत्नी घनश्याम निवासी ओरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट द्वारा कुल्हाडी मारकर उनके पुत्र रामचन्द्र की हत्या कर दी । तहरीर के आधार पर थाना पहाड़ी में मु0अ0स0 128/25 धारा 103(1),351(3),352,238 बीएनएस पंजीकृत किया गया । दिनांक 19.06.2025 को अभियुक्त घनश्याम पुत्र कलकू यादव ग्राम ओरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आज दिनांक 21.06.2025 को सहअभियुक्ता चुनकिया उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.थानाध्यक्ष पहाड़ी श्री पंकज तिवारी
2.उ0नि0 श्री मनीष कुमार
3.आरक्षी बहोरन
4.आरक्षी शुभम द्विवेदी
5.महिला आरक्षी सीमा वर्मा

**(5).** ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर स्पोर्ट्स स्टेडियम में माननीय प्रभारी मंत्री जनपद चित्रकूट/मां राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार श्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) जी, जनपद नोडल अधिकारी/आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार, जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन, मां अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अशोक जाटव,मां अध्यक्ष जिला कोआपरेटिव बैंक बांदा/ चित्रकूट श्री पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री महेंद्र कोटार्य, मां पूर्व राज्यमंत्री श्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद श्री आर के सिंह पटेल, पूर्व सांसद श्री भैरव प्रसाद मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश खरे की उपस्थिति में किया।

माननीय प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि आज 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं माननीय उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में पूरे विश्व में योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसका आज सीधा प्रसारण के माध्यम से आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से माननीय प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन आप लोगों ने एलसीडी के माध्यम से सुना और योग के कार्यक्रमों को देखा, उन्होंने कहा कि योग से ही इंसान निरोग रह सकता है योग ही हमारे जीवन का लक्ष्य है योग को अपनाएं और सुखमय जीवन बिताएं यही मेरी सभी लोगों से अपील है।

आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार  ने कहा कि योग हमारी जीवन शैली का अहम हिस्सा है। यह आज से नहीं बल्कि कई सालों से भारतीय संस्कृति का अहम धरोहर है। योगाभ्यास शरीर व मनमस्तिष्क के लिए अतिआवश्यक है। यह आपके शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मांसपेशियों में ताकत और बॉडी टोन करने के लिए भी फायदेमंद है। योग आपके जीवन में एक नई उर्जा का प्रवाह करता है।

पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षक मंजू केसरवानी, श्री नरेंद्र नारायण चंद्रवंशी, श्री राजधर ने ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटि चालन, घुटना चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन या विश्रामासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकाशन आदि योगासन के विभिन्न के योग  कराया गया।

तत्पश्चात मां प्रभारी मंत्री जी एवं आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा, जिलाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में निबंध स्लोगन योग चित्रकला योगासन में प्रथम द्वितीय वृत्ति स्थान पाने वाले प्रतिभागियों जिसमें राजेंद्र कुमार, अभिनव पांडेय, अनन्या ,अंजना  अग्रहरि, राजधर, रौनक, कमल सिंह, भूमि देवी, लवकुश कुमार आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन चित्रकूट में एवं जनपद के समस्त थाना/चौकीयों में भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री श्री आलोक पांडेय ,श्री अश्वनी अवस्थी, भारतीय जनता पार्टी के श्री रामसागर चतुर्वेदी, श्री शक्ति प्रताप सिंह तोमर, श्री जगदीश गौतम, श्री सुरेश कुमार अनुरागी, श्री प्रेमलाल बाल्मिकी, श्री विकास मिश्रा,रवि गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री अरविन्द्र वर्मा,क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,क्षेत्राधिकारी यातायात श्री फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण सहित पुलिस लाइन्स चित्रकूट व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहकर योगाभ्यास किये।

**(6).** आज दिनाँक 21.06.2025 को मंडलायुक्त श्री अजीत कुमार पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार कर्वी में किया गया। महोदय ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया

जाए साथ ही संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भूमि सम्बन्धित मामलों में कहा कि राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता पर कब्जा मुक्त कराया जाये। उपमहानिरीक्षक चित द्व शस्त्रो साफ सफा हेल्प डेस्क में आये हु निस्तारण कराने,थाना क करा

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह व राजस्व/पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।